तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

13 स्केटिंग से भारत भ्रमण पर निकले गोरखपुर...

14 कचरा गंदगी और बदबू से नगरवासी परेशान...







प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S.,
BCA, Bsc. (CS/IT),
B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

# बारिश की रफ्तार थमी, उमस ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

## किसानों को इंद्रदेव की मेहरबानी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अंचल में पिछले दस-ग्यारह दिनों से बारिश पूरी तरह थम गई है। आसमान में बादल तो कभी-कभार दिखाई देते हैं, लेकिन बरसने का नाम नहीं ले रहे। बारिश रुकने से एक बार फिर तेज धूप और भीषण उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। सुबह से ही गर्म हवाओं और चिपचिपी उमस का असर महसूस होने लगता है, जबकि दोपहर होते-होते हालात और भी अधिक परेशान करने वाले हो जाते हैं। शाम तक लोग पसीने से तरबतर रहते हैं और रात में भी राहत नहीं मिल रही है।

इस उमस भरी गर्मी का असर जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। बाजारों में लोगों की आवाजाही पहले की अपेक्षा कम हो गई है। किसान भी खेतों में लंबे समय तक काम नहीं कर पा रहे हैं। मजदूर वर्ग, दुकानदार, राहगीर और छोटे-छोटे बच्चे तक इस उमस से परेशान हैं। घरों में पंखे लगातार चलने के बावजूद राहत नहीं मिल रही, वहीं जिनके पास कूलर हैं, उन्हें भी पर्याप्त ठंडक महसूस नहीं हो रही क्योंकि वातावरण में गर्मी बहुत अधिक है। बारिश रुकने से धान की रोपाई की चिंता किसानों को सताने लगी है। जिन खेतों में शुरूआती बारिश




### बारिश थमते ही महानदी का जलस्तर घटा

लगातार और अच्छी बारिश नहीं होने का असर अब महानदी पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कुछ दिन पहले हुई बारिश से नदी का जलस्तर बढ़ा था, लेकिन बारिश थमने के बाद अब महानदी का पानी तेजी से घट गया है। नदी के कई हिस्सों में पानी का बहाव कम हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही अच्छी बारिश नहीं हुई तो नदी का जलस्तर और नीचे जा सकता है, जिसका असर सिंचाई, पेयजल व्यवस्था तथा जलीय जीवों पर भी पड़ सकता है।

के भरोसे बुवाई की गई थी, वहां अब पर्याप्त नमी नहीं बची है। यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो पौधे चौपट हो जाएंगे। किसानों की निगाहें अब रोज आसमान पर टिकी रहती हैं और वे अच्छी वर्षा की कामना कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से मौसम ऐसा हो गया है कि बारिश हो ही नही रही है। बादलों की आवाजाही केवल उम्मीद जगाती है, लेकिन बिना बरसे ही लौट जाती है। लोग कह रहे है मानो इंद्रदेव कहीं ठहर गए हों। हर किसी को बेसब्री से उस तेज बारिश का इंतजार है, जो धरती को ठंडक दे, वातावरण को स्वच्छ बनाए और लोगों को इस भीषण उमस से राहत दिलाए। अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसान और आमजन अच्छी वर्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। मौसम के जानकारों का मानना है कि मानसून सक्रिय होते ही क्षेत्र में फिर से अच्छी बारिश हो सकती है। फिलहाल लोगों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं



और सभी को उम्मीद है कि इंद्रदेव जल्द ही मेहरबान होंगे तथा अंचल में ▶▶|शेष पेज 12 पर

## रिश्वत शिकायत की जांच पूरी, प्रतिवेदन लंबित होने से कार्रवाई का इंतजार

**कोपरा।** प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू एवं सहायक ग्रेड-2 मोहेश्वर मार्कण्डेय के विरुद्ध रिश्वत मांगने संबंधी शिकायत की जांच पूरी हो जाने के बावजूद जांच प्रतिवेदन अब तक उच्च कार्यालय को प्रेषित नहीं किए जाने की चर्चा है। मामले में शिकायतकर्ता ने समयबद्ध कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी, गरियाबंद के आदेश पर गठित जांच समिति ने शिकायतकर्ता श्रीमती संतोषी ध्रुव को 25 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डुका में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया था। इस दौरान समिति ने शिकायत से संबंधित बयान दर्ज किए तथा आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण भी किया। सूत्रों के अनुसार जांच प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन प्रतिवेदन अभी तक सक्षम अधिकारी को भेजे जाने की पुष्टि नहीं हो सकी है। ऐसे में शिकायतकर्ता सहित संबंधित पक्ष मामले में आगे की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह ▶▶|शेष पेज 12 पर

### जिला शिक्षा अधिकारी का पक्ष

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश चंद्राकर से संपर्क किए जाने पर उन्होंने बताया कि /"जांच प्रक्रिया में स्वाभाविक रूप से कुछ समय लगता है। गठित जांच समिति से प्राप्त प्रतिवेदन को माननीय कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

## खबर संक्षेप

### आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



**रसेला।** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए आज रथों पर सवार होकर गांव की हर गलियों भ्रमण पर निकलेंगे। इस आस्था और उल्लास के पर्व में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर जगत के पालनहार की दर्शन करेंगे। गांव की हर गलियों में जब भगवान जगन्नाथ पहुंचेंगे तो महिलाएं अपने अपने घरों के पास थाली में आरती सजाकर भगवान जगन्नाथ की पुजा अर्चना कर श्रद्धाभाव अर्पित कर आषीष लिया जाएगा। वहीं श्रद्धालुओं को गंजा मूंग प्रसाद के रुप में वितरित भी करेंगे। रथ यात्रा की शुभारंभ रंगमंच हनुमान मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना कर भ्रमण की शुरुआत की जाएगी। जिस रथ में भगवान विराजे उसका रस्सी खिंच कर अपनी मनोकामनाएं प्रभु के समक्ष रखते हैं।

### सरगी नाला में तैरते मिला युवक का शव

**फिंगेश्वर।** नगर से लगे सरगी नाला एनीकेट इंटेकवेल के पास शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने नाला में पानी के ऊपर शव देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। शव काफी सड़ा–गला अवस्था में होने के कारण आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत कई दिन पहले हुई होगी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान कर रही है,ताकि शव की शिनाख्त की जा सके। वहीं घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

## बीच रोड पर खड़ी की जा रही बसें, राहगीरों के लिए है खतरा



**नवापारा-राजिम।** नगर में मिनी बस चालकों की लापरवाही और मनमानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बस चालक अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे आम लोगों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि बस स्टैंड परिसर में पर्याप्त जगह उपलब्ध होने के बावजूद कई मिनी बसें मुख्य मार्ग और गलियों के मुहाने पर खड़ी कर दी जाती हैं। जिस रोड से होकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पैदल, साइकिल और दोपहिया वाहनों से आवागमन करते हैं। लेकिन सड़क पर मिनी बस खड़ी करने से रास्ता ही बंद हो जाता है। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि एक मिनी बस सड़क पे खड़ी है और दूसरी मिनी बस भी उसी के पीछे लगाकर हाइवे में खड़ा कर दिया गया है अब लोग किधर से निकलेंगे? कई बार एक साइकिल तक निकालना मुश्किल हो जाता है। इससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। ऊपर से तुर्रा यह कि रायपुर की ओर से आने वाली तमाम मिनी बसे और बड़ी बसे यही पर बीच रास्ते में रोककर सवारी ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ बस स्टैंड बना अघोषित पार्किंग, मिनी बस चालकों की मनमानी से राहगीरों की बढ़ी परेशानी

## बिना पर्ची बिक रही खांसी की सिरप, ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों की उड़ रही धज्जियां



**कोपरा।** खांसी की सिरप सहित कई दवाइयों की बिक्री बिना चिकित्सकीय पर्ची के किए जाने पर प्रतिबंध है। शहरों में इस नियम का कुछ हद तक पालन हो रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी कई मेडिकल दुकानों पर बिना डॉक्टर की पर्ची के खांसी की सिरप व अन्य दवाइयां आसानी से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे दवाओं के दुरुपयोग और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर जोखिम बढ़ रहे हैं। जिम्मेदार विभाग द्वारा समय-समय पर जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी की कमी साफ दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और औषधि प्रशासन से ऐसे मेडिकल स्टोरों की जांच कर नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। मेडिकल स्टोर पर सधारण दवाई ▶▶|शेष पेज 12 पर




अब यहां भी बड़े शहर जैसी सुविधा

# मैनपुर में युवाओं को मिल रही निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख करने को मजबूर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के लिए गरियाबंद जिला प्रशासन ने नई पहल की है। जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई रत्नगर्भा अकादमी फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम के माध्यम से अब स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। अकादमी के शुभारंभ के साथ ही पहले चरण में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीयन कर प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में संचालित अकादमी में प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की नियमित कक्षाएं लग रही हैं। जिला प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आर्थिक अभाव के कारण अपने सपनों से समझौता न करना पड़े और उन्हें अपने क्षेत्र में ही बड़े शहरों जैसी कोचिंग व मार्गदर्शन उपलब्ध हो। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीतेश कुमार गजभिये ने बताया कि अकादमी में विषय विशेषज्ञों का नियमित मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री, टेस्ट सीरीज, करियर काउंसलिंग तथा एआई आधारित व्यक्तिगत लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे विद्यार्थियों की तैयारी अधिक व्यवस्थित और परिणामोन्मुखी होगी। निःशुल्क कोचिंग प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक नियमित कक्षाएं, विशेषज्ञ मार्गदर्शनरू विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्यापन और टेस्ट सीरीज, आधुनिक तकनीकरू करियर काउंसलिंग और एआई आधारित व्यक्तिगत लर्निंग, प्राथमिकतारू ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को प्राथमिकता।

शिक्षक सूरज कुमार निर्मलकर ने कहा कि अकादमी का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। वहीं प्रशिक्षणार्थी तुलसी निर्मलकर, वेणुगोपाल नागेश और टिकेश्वरी ने बताया कि निःशुल्क कोचिंग और स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं मिलने से परीक्षा की तैयारी काफी आसान हो गई है।

# राजिम में आठ प्रमुख तिराहे और चौराहे पर नहीं थम रही वाहनों की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहलाने वाला राजिम केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक है। श्री राजीव लोचन मंदिर, श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर और महानदी, पैरी तथा सोंढूर नदियों के पवित्र संगम के कारण यहां प्रतिदिन प्रदेश ही नहीं बल्कि देश-विदेश से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन-पूजन करते हैं, संगम में स्नान करते हैं और धार्मिक वातावरण का आनंद लेते हैं। लेकिन आस्था की इस नगरी का दूसरा चेहरा भी है। शहर की संकरी सड़कें, अनियोजित तिराहा-चौराहा, तेज रफ्तार वाहन, सड़क किनारे अतिक्रमण और यातायात नियमों की अनदेखी हर दिन दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा रही है। राजिम में ऐसे करीब आठ प्रमुख तिराहे और चौराहे हैं जिन्हें स्थानीय लोग कैंची चौक की तरह मानते हैं। यहां हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है और छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं आम बात हो गई हैं। सबसे पहले बात करें पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक की। यह राजिम का सबसे व्यस्त यातायात केंद्र है। राष्ट्रीय राजमार्ग-130 इसी चौक से होकर गुजरता है। रायपुर, गरियाबंद, देवभोग और ओड़िशा की ओर जाने वाले भारी वाहन दिन-रात यहां से गुजरते हैं। इसी चौक से राजिम-छुरा मार्ग और शहर के भीतर जाने वाला मार्ग भी निकलता है। चारों दिशाओं से लगातार वाहनों का दबाव रहने के कारण यहां हर समय सावधानी की आवश्यकता रहती है। जरा-सी चूक बड़े हादसे में बदल सकती है। इसके आगे पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक स्थित है। यह देखने में सामान्य तिराहा लगता है, लेकिन सबसे अधिक जोखिम वाला स्थान माना जाता है। पुल की ढलान होने के कारण दोपहिया चालक अक्सर तेज गति से नीचे उतरते और ऊपर चढ़ते हैं। अधिकांश चालक गति कम नहीं करते, बहुत तेजी के साथ मोड़ते है जिससे आमने-सामने टकराने का खतरा बना रहता है। कुछ दूरी पर रेस्ट हाउस मार्ग-वीआईपी रोड-घाट तिराहा है। एक ओर वीआईपी रोड, दूसरी ओर रेस्ट हाउस मार्ग और तीसरी दिशा में महानदी घाट का रास्ता जाता है। यहां वाहन अचानक मोड़ लेते हैं। रायपुर की ओर से आने वाले और पं श्यामाचरण शुक्ल चौक की ओर जाने वाले वाहन बिना पर्याप्त सावधानी के मुड़ते हैं। श्रद्धालुओं की आवाजाही भी लगातार बनी रहती है, जिससे दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है। इसके बाद सुभाष चौक आता है। यह भी अत्यंत व्यस्त चौराहा है। नगर क्षेत्र, बस स्टैंड, रेस्ट हाउस मार्ग तथा श्री राजीव लोचन मंदिर की ओर जाने वाले वाहनों का दबाव यहां बना रहता है। कई वाहन अचानक दिशा बदलते हैं, जिससे पीछे आने वाले वाहन चालकों को संभलने का मौका नहीं मिलता। विशेषकर त्योहारों और मेलों के समय यहां यातायात व्यवस्था पूरी तरह दबाव में आ जाती है। ठीक इसी तरह थाना जाने वाले रोड पर छाया राही के घर के पास स्थित चौराहा भी कम खतरनाक नहीं है। यह मार्ग एक ओर राजिम थाना से जुड़ता है तो दूसरी ओर श्री राजीव लोचन मंदिर के पीछे वाले रास्ते तक पहुंचता है। सड़क अपेक्षाकृत संकरी है और मोड़ भी तीखा है। दोपहिया चालक यहां भी अक्सर तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। महामाया मंदिर-दत्तात्रेय मंदिर एवं हटरी क्षेत्र का तिराहा शहर का सबसे भीड़भाड़ वाला हिस्सा माना जाता है। सब्जी बाजार लगने से सड़क का बड़ा हिस्सा ठेलों और ग्राहकों के वाहनों से घिर जाता है। पैदल चलने वालों, दोपहिया वाहनों और चारपहिया वाहनों के बीच लगातार संघर्ष जैसी स्थिति बनी रहती है।



### दुकानदार अपना सामान सड़क पर रख देते हैं

शहर के शिवाजी चौक, जिसे सबसे खतरनाक चौराहा कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। यहां से एक मार्ग पोखरा की ओर, दूसरा फिंगेश्वर-महासमुंद मार्ग की ओर तथा तीसरा पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक की ओर जाता है। तीनों दिशाओं से लगातार वाहनों की आवाजाही रहती है। कई वाहन अचानक दाएं या बाएं मुड़ जाते हैं, जबकि सामने से आने वाले वाहन सीधे निकलने का प्रयास करते हैं। ऐसे में हर समय टक्कर का खतरा बना रहता है। अधिकांश चौराहों पर ठेले-गुमटियां सड़क तक फैल जाती हैं। कई दुकानदार अपना सामान सड़क पर रख देते हैं। इसके अलावा दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़क किनारे स्थायी रूप से खड़े कर दिए जाते हैं। परिणामस्वरूप पहले से संकरी सड़कें और छोटी हो जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग हर दिन किसी न किसी चौराहे पर छोटी या बड़ी दुर्घटना होती रहती है। राजिम जैसे अंतरराष्ट्रीय पहचान वाले धार्मिक नगर में अब केवल सड़क निर्माण पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता है कि सभी प्रमुख चौराहों पर स्पीड ब्रेकर, रंबल् ट्रिरप, स्पष्ट दिशा-सूचक बोर्ड, ब्लिंकिंग ट्रैफिक सिग्नल, सीसीटीवी कैमरे और आवश्यकता अनुसार ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती की जाए। सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया जाए, अवैध पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई हो तथा श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## खबर संक्षेप

### बेस्ट फायरर अवार्ड से सम्मानित हुए सब इंस्पेक्टर दिनेश

**महासमुंद।** जिले के सब इंस्पेक्टर दिनेश चक्रधारी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित बेस्ट फायरर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें कांकेर स्थित जंगल वार कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। संस्थान के डायरेक्टर आईजी लामा ने सब इंस्पेक्टर दिनेश को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने फायरिंग कौशल, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। दिनेश चक्रधारी की इस उपलब्धि पर उनके सहकर्मियों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता जताई है।

### विद्या मंदिर कोमाखान में आचार्य भारती का गठन

**कोमाखान।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोमाखान में आचार्य भारती, कन्या भारती, बाल भारती एवं शिशु भारती का गठन पश्चात शपथ ग्रहण किया गया। सर्वप्रथम मां भारती, प्रणव अक्षर ओम तथा सरस्वती माता के छायाचित्र पर पूजन हुआ। मध्य में प्रधानाचार्य टिकेश्वर उपाध्याय द्वारा सभी आचार्य दीदीयों एवं भैया बहनों को विद्यालय के दायित्व का महत्व बताया गया। आचार्य भारती में प्रधानाचार्य टिकेश्वर को प्रशासनिक, लता को साहित्य एवं शारीरिक, देवांगन आरटीई एवं बौद्धिक, त्रिवेणी को कार्यालय प्रमुख, माधवी को सांस्कृतिक, संजू को समयपाल, समीक्षा को प्रार्थना, रजनी को परीक्षा, लीला को शिशु वाटिका, भारती को खोया पाया, आया सुनीता को सफाई का दायित्व दिया गया।

### आजादी के बाद पहली बार दुर्गम पहाड़ी के ऊपर बसे गांवों में पहुंचे अधिकारी

# नक्सलगढ़ रहे ताराझर, कुरवापानी पहुंचे सीईओ पहाड़ी गांव में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत अति पिछड़ी कमार जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के पहाड़ी क्षेत्र में एक वर्ष पहले नक्सली कमांडर जयराम चलपति सहित कई दर्जनों हार्डकोर नक्सली नेताओ को पुलिस ने मार गिराया था। घुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे यह इलाका लंबे समय से नक्सलियो के गढ़ के रूप मे जाना जाता था। 31 मार्च को इस क्षेत्र को नक्सलमुक्त घोषित किया गया है। बुधवार को जिला पंचायत सीईओ सहित अफसरों के पहुंचने के बाद अब विकास की उम्मीद ग्रामीणो में जगी है।

- ओडिशा रास्ते से नदी- नालों, पथरीली पहाड़ी, पगडंडी दुर्गम रास्तों को किया तय

विकासखंड से 18 किमी दूर जंगल के अंदर बसे ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट है। कुल्हाड़ीघाट से लगभग 35–36 किमी दूर दुर्गम पहाड़ी के उपर ग्राम ताराझर, कुरवापानी बसा हुआ है। ग्राम ताराझर, कुरवापानी इन ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा बुनियादी सुविधाओ के लिए यहां के ग्रामीण आजादी के बाद से लेकर अब तक तरस रहे हैं। इन ग्रामों में आज तक ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी नहीं पहुंचे थे। जिपं गरियाबंद सीईओ प्रखर चंद्राकर स्थानीय प्रशासन के अमले को लेकर ओड़िशा के रास्ते लगभग 60–65 किमी दूरी तय कर और 2 से 3 किमी पैदल पगडंडी मार्ग को पार कर ग्राम ताराझर, कुरवापानी पहुंचे। पहली बार जिले के अफसर को अपने गांव मे पाकर आदिवासी ग्रामीण खुशी से गदगद हो गये और आत्मीयता से उनका स्वागत किया साथ ही अफसर को अपनी समस्याओ को बताते ग्रामीण भावुक हो उठे।





### नदी में जाकर देखा झरिया, चार कुआं खोदने की दी मंजूरी

जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों के साथ जाकर झरिया को देखा और गांव मे तत्काल चार सरकारी कुंआ खोदने के लिए मंजूरी दी। गांव मे चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान स्कूली बच्चों को पुस्तक, कापी, पेन, गणवेश, कपड़ा, जूता, बैग जरूरत की सामाग्री वितरण किया। बच्चों से कहा, मन लगाकर पढ़ाई लिखाई करो।



**ग्रामीणों के घर गए, योजनाओं की जानी हकीकत :** पहाड़ी ग्राम कुरवापानी, ताराझर मे जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, स्कूल भवन निर्माण का निरीक्षण किया और स्वयं कमार जनजाति के ग्रामीणो के घरों तक पहुंचकर उन्हे शासन से मिलने वाली योजनाओ की जमीनी हकीकत को जाना और परखा। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी पेयजल की है। गांव से कुछ दूर सुख चुकी नदी में झरिया खोदकर पानी लाकर प्यास बुझाते हैं। यहां अकेले जाना किसी एक ग्रामीण के बस की बात नहीं है क्योंकि हमेशा हिंसक वन्यप्राणियो का डर बना रहता है।

**सरपंच व ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की रखी मांग :** ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंग सोरी एवं ग्रामीणों ने कहा कि गांव तक पहुंचने के लिए बोतलधारा मार्ग से पत्थरों को काटकर जी राम जी योजना के तहत सड़क का निर्माण किया जाए। गंभीर बीमारी व गर्भवती महिलाओं के समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाने से मौत हो जाती है। गांव में रोजगार के साधन, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों ने बताया राशन लेने के लिए उन्हें 35–40 किमी कुल्हाड़ीघाट या ओड़िशा जाना पड़ता है। जिसके लिए ग्रामीण घोड़ा पाले हुए हैं। घोड़ों में लादकर चांवल दाल राशन को गांव तक लाते हैं।

**छह साल से सौर ऊर्जा बंद :** ग्रामीणों ने जिले के अधिकारी को बताया कि सौर ऊर्जा के तहत लगाई गई। प्लेट पूरी तरह से खराब हो गयी है। 5–6 साल से लगातार मरम्मत की मांग कर रहे है लेकिन अब तक मरम्मत नहीं की गई। सीईओ ने कहा कि शासन प्रशासन लगातार दूरस्थ वनांचल के ग्रामों में सुविधा पहुंचाने प्रयासरत है। इस दौरान जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ जे के गजभिये, मनरेगा परियोजना अधिकारी कपिल नायक, सरपंच बनसिंग सोरी, सचिव प्रेम ध्रुव, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, इशुलाल पटेल, हिना नेताम, ओमप्रभा वट्टी, हिरौंदी ठाकुर, रामेश्वर नेताम, जयराम, मंगलीबाई सहित स्थानीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## श्री गोपाल गौशाला में गायत्री परिवार ने किया पौधारोपण



**नावापारा-राजिम।** श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल ,प्रफुल्ल दुबे ,राजू काबरा ,मनमोहन अग्रवाल एवं गोपाल यादव के आह्वान पर परिसर में निशा सेन ,रूपेंद्र चंद्राकार की अगुवाई में मां के नाम एक पेड़ योजना के तहत नीम ,आम ,पीपल ,आँवला ,बेल ,जामुन एवं अमरूद के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर सुंदर सिंह ठाकुर ,साधना सौरज,सीमा साहू ,सुनीता साहू ,महेश्वरी साहू ,डाली यादव ,पम्मी देवांगन ,त्रिवेणी साहू ,लता साहू ,यशोदा देवांगन ,सुमन राजपूत ,ओशिमा राजपूत ,फूलबाई ,उमेश्वरी ,देवेंद्र सेन, गिरधारी सेन,बृजलाल साहू ,संतु सेन ,रितेश साहू ,संपत मौजूद थे।

## साही का अवैध शिकार, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

साही (इंडियन पॉर्कुपाइन) के अवैध शिकार पर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय के मार्गदर्शन एवं उपवन मंडलाधिकारी गोविंद सिंह के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र बागबाहरा द्वारा संचालित सघन गश्ती एवं वन्यजीव संरक्षण अभियान के तहत विभाग ने आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी नवीन वर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच की। जांच में रैताल बीट के आरक्षित वन के कक्ष क्रमांक 154 में साही के अवैध शिकार की पुष्टि हुई। विवेचना एवं पूछताछ के दौरान ग्राम नवाडीह (खम्हरिया) के पांच व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आई। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपियों ने शिकार किए गए साही के मांस को काटकर आपस में बांटकर रखा था।

पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 22666/05, दिनांक 13 जुलाई 2026 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 2(16), 9, 39, 50 एवं 51 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई।

वन विभाग ने गिरधारी गोंड, लोकनाथ गोंड, नागेश्वर गोंड, सियाराम राजपूत एवं नरसिंह कुमार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर नवीन शर्मा, वनरक्षक डिलेश्वरी कंवर, नीलकंठ दीवान, वीरेंद्र दीवान सहित वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका रही। साथ ही वन प्रबंधन समिति नवाडीह (खम्हरिया) के सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## ई–20 पेट्रोल बन रहा वाहन और मालिकों के लिए मुसीबतः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

एथेनाल मिश्रित पेट्रोल (ई–20) के कारण जनता परेशान हो रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव और महामंत्री गेंदु यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ई–20 पेट्रोल देश की जनता के लिए मुसीबत बन रहा है।। मोदी सरकार ने नफा नुकसान का वैज्ञानिक परीक्षण किये बिना पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनाल मिला कर बेचना शुरू कर दिया है। जिसके कारण लोगों के वाहन खराब हो रहे हैं। ई–20 पेट्रोल के कारण लोगों की गाड़ियां न सिर्फ खराब हो रही हैं, इस एथेनाल के कारण वाहनों की माइलेज भी आधा हो गया है। मोदी सरकार ने अपने एक मंत्री के पुत्र के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए पूरे देश को संकट में डाल दिया है। ई–20 पेट्रोल आम पेट्रोल की अपेक्षा शुरू नहीं है इसीलिए माइलेज में कमी आ रही है। गाड़ियों का इंजन भी खराब हो रहा है।

- वाहनों का माइलेज हो रहे कम, इंजन के खराब होने की संभावना बढ़ी

### एथेनाल हवा से नमी को जल्दी लेता है सोख

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विशेषज्ञों का कहना है ई–20 पेट्रोल के कारण एथेनाल हवा से नमी को जल्दी सोख लेता है। पुराने वाहनों में लगे मेटल के फ्यूल टैंक और पंप में इस नमी के कारण अंदर ही अंदर जंग लगने की संभावना बढ़ जाती है, जो इंजन में जाकर उसे नुकसान पहुंचा सकता है। एथेनाल एक बेहतरीन घुलनशील की तरह काम करता है। अप्रैल 2023 से पहले बनी या केवल ई–10 के लिए डिजाइन की गई गाड़ियों की रबर सील, गैस्कैट, प्लास्टिक और फ्यूल पाइप एथेनाल के संपर्क में आने से कमजोर होकर टूटने या रिसने लगते हैं। कांग्रेस नेताओं ने आगे कहा कि लंबे समय तक ई–10 या उससे कम क्षमता के लिए बनी गाड़ियों में सीधे ई–20 ईंधन डालने से फ्यूल इंजेक्टर जाम हो सकते हैं। महंगे पुर्जे खराब हो सकते हैं, जिससे भारी मेंटेनेंस खर्च उठाना पड़ सकता है।



## एनसीसी कैडेट्स को कर्तव्य व जिम्मेदारियों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

27 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी एवं कैंप कमांडेंट कर्नल एस वेलमुरूगन और एडम अधिकारी कर्नल सुभाष महतो के निर्देशन में लखौली में आयोजित 10 दिवसीय शिविर में एनडीआरएफ की टीम कैडेट्स को आपदा एवं आपदा प्रबंधन के विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। साथ ही आपदा के दौरान एनसीसी कैडेट्स के कर्तव्य व जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इसी क्रम में अल्फा कंपनी के लगभग 200 कैडेट्स ने लखोली फायरिंग रेंज पर फायरिंग की। फायरिंग का उद्देश्य ऐसे कैडेट्स तैयार करना जो आगे चलकर टीएससी, आरडीसी और अन्य नेशनल लेवल कैंप में बटालियन और ग्रुप को लीड कर सके। अंत में शाम के कार्यक्रम में ब्रावो और चार्ली कंपनी के मध्य वॉलीबॉल का मैच कराया गया। साथ ही रस्साकसी का मैच दोनों कंपनियों के कैडेट्स के बीच कराया गया। सभी कैडेट्स ने अपनी अपनी कंपनी के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

# छुरा पहुंचे सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु

**छुरा।** सर्व यादव समाज एवं सर्व समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु चार दिवसीय जिला प्रवास पर गरियाबंद पहुंचे। प्रवास के प्रथम चरण में उनके छुरा आगमन पर स्थानीय विश्राम गृह में सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने श्रीफल, गमछा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु अपने प्रवास के दौरान गरियाबंद, मैनपुर और देवभोग क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसी क्रम में वे ग्राम दादरगांव में समाज के पदाधिकारी रामकुमार यादव के पिता के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित चर्चा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने समाज के पदाधिकारियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज को सबसे अधिक आवश्यकता एकता, संगठन और सामूहिक नेतृत्व की है। उन्होंने इसे समाज के लिए चिंता का विषय बताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि समाज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर संगठित प्रयास करे। रमेश यदु ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न आयोगों, निगम-मंडलों और शासकीय संस्थाओं में नियुक्तियां की जाती हैं, लेकिन यादव समाज की अनदेखी लगातार हो रही है। यहां तक कि गो सेवा आयोग जैसे महत्वपूर्ण आयोग में भी समाज से किसी प्रतिनिधि को स्थान नहीं दिया गया, जबकि गौपालन और पशुपालन से यादव समाज का ऐतिहासिक एवं सामाजिक जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति समाज के लिए गंभीर चिंतन का विषय है।

बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और शिक्षा, रोजगार, सामाजिक प्रतिनिधित्व तथा समाज के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद सर्व यादव समाज का एक वृहद प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल समाज की विभिन्न मांगों, जनसंख्या के अनुरूप प्रतिनिधित्व, सामाजिक विकास तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करेगा और मांगपत्र भी सौंपेगा।

कार्यक्रम में स्वागत करने वालों में हेमलाल यादव, चमन यादव, नंदलाल यादव, यशवंत यादव, मनीष यादव, महेंद्र यादव सहित सर्व यादव समाज के अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### बारिश की रफ्तार...

झमाझम बारिश का दौर शुरू होगा। तभी इस उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी और किसानों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटेगी।

भूजल स्तर नीचे, किसान बोले-बोर में नहीं चढ़ रहा पानी मुड़तरई के किसान प्रकाश वर्मा व अन्य किसानों का कहना है कि इस वर्ष भीषण गर्मी के कारण भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है। एक-दो बार बारिश होने के बावजूद बोरवेल और कुओं का जलस्तर नहीं बढ़ पाया है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द अच्छी और लगातार बारिश नहीं हुई, तो खरीफ की खेती पर गंभीर असर पड़ सकता है। कई स्थानों पर खेतों की तैयारी तक शुरू नहीं हो पाई है। किसानों ने बताया कि जिन क्षेत्रों में तालाब, नहर या बोरवेल में थोड़ा-बहुत पानी उपलब्ध है, वहीं खेतों में जुताई-बुवाई का काम चल रहा है। लेकिन अधिकांश किसान पानी की कमी के कारण हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं और आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो इस सीजन की खेती प्रभावित होना तय है। बताया कि खरीफ सीजन में इन दिनों खेतों में धान की रोपाई, खाद छिड़काव और निंदाई-गुड़ाई का काम पूरे जोर-शोर से होना चाहिए था, लेकिन मौसम की बेरुखी ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। राजिम क्षेत्र के कई गांवों में खेत सूने पड़े हैं। कहीं धान की बुवाई अब तक शुरू नहीं हो सकी है तो कहीं अंकुरित फसल बारिश के इंतजार में सूखने लगी है। किसानों के अनुसार जुलाई की शुरूआत में हुई तेज बारिश से कई खेतों की मेड़ टूट गई और खेतों में जरूरत से ज्यादा पानी भर गया। लगातार पानी भरे रहने के कारण समय पर बुवाई नहीं हो पाई। बाद में बारिश पूरी तरह थम जाने से खेत सूख गए और अब बुवाई के लिए आवश्यक नमी भी नहीं बची है। कई स्थानों पर खेतों में दरारें तक दिखाई देने लगी हैं।

दूसरी ओर, जिन किसानों ने शुरूआती बारिश के बाद धान की बुवाई कर दी थी, उनकी फसल भी अब पानी के अभाव में प्रभावित होने लगी है। अंकुरित पौधों की बढ़वार रुक गई है और यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो फसल को नुकसान होने की आशंका बढ़ जाएगी। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय खेतों में पर्याप्त नमी बनी रहना जरूरी है। सामान्य वर्षों में जुलाई के मध्य तक अधिकांश स्थानों पर धान की रोपाई पूरी हो जाती है और निंदाई-गुड़ाई का कार्य भी शुरू हो जाता है, लेकिन इस बार मौसम के असंतुलित मिजाज के कारण खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो गया है। किसानों का कहना है कि आधा जुलाई बीत जाने के बावजूद खेत पूरी तरह तैयार नहीं हो पाए हैं। अब उनकी नजरें आसमान पर टिकी हैं। समय पर अच्छी बारिश नहीं हुई तो न केवल बुवाई और रोपाई प्रभावित होगी, बल्कि उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। क्षेत्र के किसानों का मानना है कि खेती पूरी तरह मानसून पर निर्भर है।

### रिश्वत शिकायत की...

शिकायत एक दिवंगत शिक्षक के पारिवारिक पेंशन प्रकरण से जुड़ी है, जिसमें प्रभारी बीईओ एवं सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी पर रिश्वत मांगने के आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की सत्यता का अंतिम निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जांच प्रतिवेदन के परीक्षण के बाद ही होगा। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि यदि जांच प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, तो प्रतिवेदन शीघ्र उच्च कार्यालय को भेजकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। वहीं, विभागीय स्तर पर भी मामले में नियमानुसार प्रक्रिया पूरी किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है।

### बीच रोड पर खड़ी की...

उतारती है। जबकि थोड़ा आगे-पीछे खड़ी करके सवारी उतार सकते है। सरदार जीत सिंह के घर के पास वाला रास्ता पहले से ही बंद हो चुका है। ऐसे में लोगों के पास रतन डायनुमा के पास से निकलने वाला मार्ग ही प्रमुख विकल्प बचता है। लेकिन यहां भी मिनी बसें सड़क पर खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे बाइक सवारों तक का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार लोगों को काफी देर तक बस हटने का इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही है। कई बार मौखिक शिकायतें भी की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से बस चालकों के हौसले बुलंद हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन और यातायात विभाग का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़े करने वाले मिनी बस चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बस स्टैंड के भीतर ही वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा नियमित जांच अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। इससे यातायात व्यवस्था सुचारु होगी और आम नागरिकों को रोजाना होने वाली परेशानी से राहत मिल सकेगी।

### बिना पर्ची बिक रही खांसी...

मांगने पर सिरप दिया जा रहा है। मेडिकल संचालयकों द्वारा बिना किसी डाक्टरी पर्ची मांगे पैसे लेकर दवाई दी जा रही है। क्षेत्र में पचास से भी अधिक मेडिकल स्टोर संचालित है, किन्तु मेडिकल संचालकों द्वारा नियम को दरकिनारे कर बिना डाक्टरी पर्ची के सिरप बेंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भगवान जगन्नाथ मंदिर में नंदीघोष रथ का पूजन



**मैनपुर।** विकासखंड के अमलीपदर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ का नेत्रेत्सव पूजन वेद मंत्रों पंच ध्वनि के साथ पूजन अर्चना किया। प्रभु के पुजन से पूर्व श्री मंदिर में विराजित मुलतम भगवती मंगला का आगमन हुआ उसके बाद श्री मंदिर के रक्षक हनुमानजी का पूजन अर्चना के बाद श्री मंदिर में विराजमान देवी देवताओं का पूजन अर्चना किया गया। फिर श्री मंदिर के मुख्य आचार्य पंडित युवराज पांडेय द्वारा भगवान के नीलचक्र में पतित पावन बाना ध्वजा परिवर्तन किया गया। सभी भक्त एक साथ बोल कालिया के जयघोष के साथ भगवान की स्तुति करने लगे और वैदिक रीति से नंदी घोष रथ पूजन किया गया। फिर महाप्रभु की आरती की गई। इसके बाद महाप्रसाद वितरण किया गया। गुरुवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र सुभद्रा के साथ नंदीघोष रथ पर आरूढ़ हो कर मौसी श्री गुंडीचा रानी के यहां प्रस्थान करेंगे।

### सचिव संघ ने नये सीईओ का स्वागत और सम्मान किया



**फिंगेश्वर।** जनपद पंचायत फिंगेश्वर के नये सीईओ अनिल सिंग का कार्यभार एवं संपूर्ण प्रभार लेने पर 15 जुलाई को जनपद पंचायत फिंगेश्वर में सचिव संघ के अध्यक्ष गोविंद साहू सहित पदाधिकारियों ने उन्हे गुलदस्ता सौंप कर स्वागत किया है। सचिव संघ के अध्यक्ष गोविंद साहू ने इस अवसर पर कहा कि इस जनपद पंचायत में शासन का कार्य संवैधानिक रूप से होता रहे। वहीं पर कार्यों को लेकर अधिकारी एवं कर्मचारी में मितव्यता का समन्वय बना रहे, जिससे शासकीय कार्य पूरी पारदर्शिता के रूप में संचालित होता रहे। इस अवसर पर सचिव संघ के अध्यक्ष गोविंद साहू, कोमल साहू, पीलाराम साहू, भैयाराम साहू, रेवाराम ढीढी सहित जनपद के कर्मचारी उपस्थित थे।

### 25 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम गिरना में एक व्यक्ति के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना पर गिरना के नाला के पास हेमसागर बरिहा पिता प्रताप बरिहा (37 साल) गिरना के कब्जे से विक्रम नगर पारा के पास 25 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 5000 रुपए को बरामद किया।

# स्केटिंग से भारत भ्रमण पर निकले गोरखपुर के मुन्नार निषाद पहुंचे गरियाबंद

**गरियाबंद।** स्केटिंग के माध्यम से पूरे भारत का भ्रमण कर रहे उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी मुन्नार निषाद मंगलवार को अपनी यात्रा के दौरान गरियाबंद पहुंचे। भूतेश्वरनाथ चौक पर जगन्नाथ युवा बाल परिवार एवं स्थानीय नागरिकों ने फूल-मालाओं और पटाखों के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया।

मुन्नार निषाद ने बताया कि वे पिछले लगभग 10 महीनों से स्केटिंग के जरिए देश के विभिन्न राज्यों की यात्रा कर रहे हैं। उनकी यह अनूठी यात्रा गुजरात से शुरू हुई, जिसके बाद वे गोवा, तेलंगाना, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों का भ्रमण करते हुए छत्तीसगढ़ पहुंचे। बीजापुर और गीदम से होते हुए वे गरियाबंद पहुंचे, जहां से आगे विश्व प्रसिद्ध बाबा भूतेश्वरनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए।

यात्रा के दौरान वे अब तक करीब 11 हजार किलोमीटर का सफर स्केटिंग के माध्यम से तय कर चुके हैं। उनका उद्देश्य देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन करना और सनातन संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करना है। वे 12 ज्योतिर्लिंग सहित देश के प्रमुख मंदिरों की यात्रा इसी माध्यम से कर रहे हैं।



मुन्नार निषाद ने कहा मैं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का रहने वाला हूं और स्केटिंग के माध्यम से पूरे भारत की यात्रा कर रहा हूं। पिछले करीब एक महीने से मैं छत्तीसगढ़ में हूं। यहां के लोगों ने मुझे हर जगह भरपूर स्नेह दिया है। रहने और खाने की व्यवस्था भी लोगों ने अपने परिवार की तरह की। मेरा उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना और 12 ज्योतिर्लिंग सहित देश के प्रमुख मंदिरों के दर्शन करना है। सच में, 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया।

पार्षद छगन यादव ने कहा मुन्नार निषाद का स्केटिंग के माध्यम से पूरे भारत का भ्रमण करना अद्भुत और प्रेरणादायक है। इतनी लंबी यात्रा संकल्प, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रतीक है। गरियाबंद की पावन धरती पर उनका स्वागत करना हमारे लिए सम्मान की बात है।

पप्पू सिन्हा ने कहा मुन्नार निषाद जैसे युवाओं का संकल्प प्रेरणादायक है। स्केटिंग के माध्यम से पूरे देश की यात्रा करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। गरियाबंद की धरती पर उनका स्वागत करना हमारे लिए गर्व की बात है। हम उनकी यात्रा की सफलता और सुरक्षित सफर की कामना करते हैं।

लोकु सिन्हा ने कहा मुन्नार निषाद का साहस और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने पूरे देश में सनातन संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर यात्रा शुरू की है।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों को दी गई साइबर सुरक्षा और नागरिक अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा में मंगलवार को विभिन्न पाठ्यक्रमों के इंटरमीडिएट सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफल किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी शैक्षणिक सत्र की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली, अनुसंधान गतिविधियों, छात्र कल्याण योजनाओं, प्रशासनिक प्रक्रियाओं तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी, छुरा ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

श्री गंगवाल ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, अनजान लिंक एवं संदिग्ध मोबाइल एप्लीकेशन से बचने, ओटीपी, पासवर्ड तथा बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी।






विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद महलवार ने कहा कि विश्वविद्यालयी शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता के विकास, नवाचार को अपनाने तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण यात्रा है।

उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम, सकारात्मक सोच और उत्कृष्टता के साथ अपने शैक्षणिक जीवन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था, अनुशासन, नियमों, उपस्थिति, परीक्षा प्रणाली तथा अन्य आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं से परिचित कराया।

निदेशक डॉ. एन. के. स्वामी ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, पाठ्यक्रम संरचना, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, मूल्यांकन प्रणाली, अनुसंधान संस्कृति तथा अकादमिक उत्कृष्टता से संबंधित विभिन्न पहलों की जानकारी प्रदान की। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने विश्वविद्यालय में संचालित छात्र कल्याण योजनाओं, छात्र सहायता सेवाओं, छात्रवृत्तियों, क्लब गतिविधियों, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न अवसरों की जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संकायों का परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबंधित पाठ्यक्रमों, आगामी सेमेस्टर की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं डिजिटल संसाधनों, अनुसंधान सुविधाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, रोजगारोन्मुख गतिविधियों तथा उच्च शिक्षा एवं करियर की संभावनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज, फैकल्टी ऑफ लाइब्रेरी साइंस, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज, फैकल्टी ऑफ लॉ तथा फैकल्टी ऑफ साइंसेज के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और संबंधित संकायों में उपलब्ध शैक्षणिक, शोध एवं व्यावसायिक अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश देते हुए पौधरोपण के साथ किया गया।

# उन्नयन के 30 साल बाद भी कनसिंघी स्कूल को नहीं नसीब हुआ भवन

**रसेला।** सरकारें हर साल शिक्षा बजट बढ़ाने, आधुनिक स्कूल बनाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के बड़े-बड़े दावे करती हैं। लेकिन अंचल के ग्राम कनसिंघी का शासकीय हायर सेंकडरी स्कूल इन दावों की हकीकत बयां कर रहा है। यहां वर्ष 1990-91 में हाई स्कूल की स्थापना हुई और 27 अगस्त 1998 को इसे हायर सेकंडरी में उन्नत कर दिया गया, लेकिन विडंबना देखिए कि उन्नयन के 30 साल बाद भी हायर सेकंडरी का अपना भवन तक नहीं बन सका।

सबसे गंभीर बात यह है कि लगभग 250 विद्यार्थी कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत हैं, लेकिन पर्याप्त कक्ष नहीं होने के कारण अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही है। ऐसे माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना करना भी मुश्किल है। 1998 में जब स्कूल को हायर सेकंडरी का दर्जा दिया गया था, तब उम्मीद थी कि जल्द ही नया भवन बनेगा, विज्ञान प्रयोगशाला बनेगी, पुस्तकालय होगा और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। लेकिन तीन दशक गुजर गए, सरकारें बदलीं, अधिकारी बदले, योजनाएं बदलीं, लेकिन नहीं बदली तो कनसीही स्कूल की बदहाल तस्वीर।



स्कूल में कमरों की भारी कमी के कारण कई बार अलग-अलग कक्षाओं और संकायों के विद्यार्थियों को एक साथ बैठाया जाता है। एक तरफ शिक्षक पढ़ाते हैं तो दूसरी तरफ दूसरे विषय के विद्यार्थी शोर और व्यवधान के बीच पढ़ाई करने को मजबूर रहते हैं।

### मुख्यमंत्री से लगाई गुहार, सौंपा गया मांग पत्र

विद्यालय प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि कनसिंघी हायर सेकंडरी विद्यालय के लिए तत्काल नए भवन की स्वीकृति प्रदान की जाए। ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और वर्तमान भवन में पढ़ाई कराना अत्यंत कठिन हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते भवन निर्माण नहीं हुआ तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भयावह हो जाएगी। शिक्षा के अधिकार की बात करने वाली व्यवस्था में यदि विद्यार्थी एक कमरे में ठूंसकर पढ़ने को मजबूर हों, तो यह पूरे शिक्षा तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# तेज धूप और शुष्क मौसम के बीच सावा बदौरी जिद्दी खरपतवार खेतों में पसर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सावा,बदौरी,चोडी पत्ती,सकरी पत्ती, जंगली दूबी और गोदईला ऐसे खरपतवार तेज धूप, लंबे शुष्क अंतराल, तेजी से खत्म हो रही नीम के कारण नजर आने लगे हैं। जिन्हें मुख्य फसलों के लिए बड़ी मुसीबत माना जाता है। कल्टीवेशन चार्ज में रिकॉर्ड बढ़ोतरी,बीज की नियंत्रण से बाहर जाती कीमतें और समय पर रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता नहीं होने की परेशानी झेल रहे किसान अब खेतों में तेजी से फैलाव ले रहे खरपतवार से बचाव के उपाय खोज रहे हैं। शीघ्र मध्यम और दीर्घ अवधि में तैयार होने वाली फसलों के पूर्व गहरा और घना कल्टीवेशन की वैज्ञानिको की सलाह मानी थी किसानों ने, इसके बावजूद कई तरह के खरपतवार जिस अनुपात में नजर आ रहे हैं उससे किसान इसलिए चिंतित हैं क्योंकि मुख्य फसल के पौधे फिलहाल अंकुरण की अवस्था में है। किसान देवकुमार मार्कंडेय,झवर अग्रवाल, नारायण सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर ने कहा कि तेज धूप की वजह से खेतों से गायब होती नमी का पूरा फायदा यह खरपतवार उठा रहे हैं। इनकी बढ़वार इतनी तेज देखी जा रही है कि मुख्य फसल के तैयार होते पौधे भी खतरे में आने लगें हैं।




### सलाह अनुसार ही खरपतवार प्रबंधन अपनाएं किसान

इस संबंध में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने कहा कि लंबे शुष्क अंतराल और तेज धूप से मुख्य फसलों की तुलना में कई खरपतवार तेजी से बढ़ते हैं। अंकुरण अवस्था में रासायनिक खरपतवारनाशी का अंधाधुंध प्रयोग नुकसान हो सकता है। किसान कृषि विभाग सलाह के अनुसार ही खरपतवार प्रबंधन अपनाएं।

# शिक्षक साहित्य परिषद का पंचामृत विषय पर होगी काव्य प्रतियोगिता

- प्रतिभागियों को 26 जुलाई तक भेजनी होंगी अपनी प्रविष्टियां

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ की अग्रणी साहित्यिक संस्था शिक्षक साहित्य परिषद ने अपनी सृजनात्मक गतिविधियों को विस्तार देते हुए अखिल भारतीय स्तर पर एक भव्य काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया है। परिषद ने इस बार पंचामृत विषय पर देश भर के साहित्यकारों और कवियों से मौलिक रचनाएं आमंत्रित की हैं। पंचामृत पर्यावरण और भविष्य की एक नई दृष्टि शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के संयोजक सागर शर्मा ने बताया कि इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय पंचामृत रखा गया है। यह विषय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2021 के अंतरराष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन में दिए गए पंचामृत मंत्र से प्रेरित है। यह विषय मात्र एक शब्द नहीं,बल्कि विश्व की सबसे बड़ी चुनौतिया जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण, सतत विकास और शून्य उत्सर्जन को संबोधित करने वाला एक संकल्प है। संस्था का उद्देश्य साहित्य के माध्यम से इन गंभीर वैश्विक विषयों पर जन–जागरूकता लाना और भावी पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना है। पुरस्कार एवं सम्मान प्रतियोगिता के संदर्भ में जानकारी देते हुए संयोजक सागर शर्मा ने बताया कि निर्णायक मंडल द्वारा चयनित उत्कृष्ट 21 रचनाकारों को विशेष रूप से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 1100 की नगद राशि, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं पुस्तक भेंट की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता में प्राप्त अधिकांश स्तरीय रचनाओं को एक साझा काव्य संग्रह(एंथोलॉजी) के रूप में पुस्तक का रूप दिया जाएगा।

संयोजक सागर शर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक रचनाकारों के लिए विस्तृत जानकारी साझा की है। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 26 जुलाई रखी गई है। रचना अधिकतम 24 पंक्तियों की होनी चाहिए। रचना पूरी तरह से मौलिक एवं अप्रकाशित होनी चाहिए।साहित्य प्रेमी और रचनाकार अपनी प्रविष्टियां व्हाट्सएप भेज सकते हैं। आयोजन के उपरांत आयोजितसम्मान समारोह एवं पुस्तक विमोचन में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए थे। सम्मान कार्यक्रम में प्रदेश के संस्कृति मंत्री मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने विजेता रचनाकारों का उत्साहवर्धन किया था। साहित्यकारों से जुड़ने का आह्वान संयोजक सागर शर्मा ने कहा कि पिछली बार की तरह ही इस बार भी साहित्य प्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने देश भर के कवियों से अपील की है कि वे अपनी लेखनी से पर्यावरण और प्रकृति के इस विमर्श को समृद्ध करें। उन्होंने कहा साहित्यकार समाज का आईना होता है और जब आईना पर्यावरण संरक्षण की बात करता है, तो बदलाव निश्चित है।




## छात्रों को बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी जैसे अपराधों की दी जानकारी

# हायर सेकडंरी में करियर काउंसिलिंग पर किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**रसेला।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,रूवाड़ में समर्पित एक्सेस टू जस्टिस एवं नीति आयोग की सहयोगी संस्था एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में बाल संरक्षण, मिशन वात्सल्य की कल्याणकारी योजनाओं एवं करियर काउंसलिंग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा तथा उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक बनाना एवं उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण जैसे गंभीर सामाजिक अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इनसे होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006, बाल श्रम संशोधन अधिनियम, 2016, पॉक्सो अधिनियम, 2012 तथा अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं इनके उल्लंघन पर निर्धारित दंड के बारे में सरल एवं सहज भाषा में अवगत कराया गया।



इस अवसर पर बच्चों के साथ गुड टच एवं बैड टच विषय पर भी संवाद किया गया। उन्हें सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श की पहचान, किसी भी प्रकार के शोषण अथवा अनुचित व्यवहार की स्थिति में तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को जानकारी देने तथा सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, जे आर सी टोल फ्री नंबर, महिला हेल्पलाइन 181 एवं आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी संकट की स्थिति में इन सेवाओं के माध्यम से तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित स्पॉन्सरशिप योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर, अनाथ, अर्ध-अनाथ, एकल अभिभावक वाले तथा अन्य जरूरतमंद बच्चों को इस योजना के अंतर्गत उनकी शिक्षा, पोषण एवं समुचित देखभाल के लिए 4,000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं पात्र बच्चों को योजना से जोड़ने की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई।

## खबर संक्षेप

### नंदनी को बंगाल सीएम व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का प्रशंसा पत्र



**मैनपुर।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में सक्रिय भूमिका निभाने वाली मैनपुर क्षेत्र भाजपा नेत्री एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री नंदनी नेताम को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी एवं भाजपा पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य की ओर से प्रशंसा एवं आभार पत्र भेजा गया है। प्रशंसा पत्र में उल्लेख किया गया है कि नंदनी नेताम ने पश्चिम बंगाल के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्र में लंबे समय तक प्रवास कर पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए अथक प्रयास किए। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनके समर्पण, मेहनत और संगठन के प्रति निष्ठा को पार्टी की चुनावी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया गया है। पत्र में कहा गया है कि भीषण गर्मी के दौरान दिन–रात जनसंपर्क कर मतदाताओं तक पहुंचने और पार्टी के प्रति विश्वास मजबूत करने में श्रीमती नेताम की भूमिका सराहनीय रही। उनके निरंतर प्रयासों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ–साथ विधानसभा चुनाव में पार्टी की सफलता सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के रायपुर ग्रामीण प्रभारी बने नरोत्तम



**मैनपुर।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संभाग प्रभारी एवं सहप्रभारी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मारकण्डेय द्वारा किया गया है। इसमें मैनपुर क्षेत्र के भाजपा नेता नरोत्तम साहू को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैनपुर भाजपा नेता नरोत्तम साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के रायपुर ग्रामीण प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिससे गरियाबंद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। वहीं दूसरी ओर बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा नेता नरोत्तम साहू ने कहा पार्टी ने जिस उम्मीद के साथ यह दायित्व सौंपा है, उसमें पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

### मोदी-शाह और साय-शर्मा की जोड़ी ने दिलाई नक्सलवाद से मुक्ति



**गरियाबंद।** भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने देशभर सहित छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा करने और आम जनजीवन को माओवादी आतंक व हिंसा से मुक्ति दिलाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा की 'डबल इंजन' सरकार ने नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का जो समयबद्ध संकल्प लिया था, वह आज धरातल पर सिद्ध होता दिखाई दे रहा है।भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि बीते कुछ समय में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को मिली ऐतिहासिक सफलताएँ इस बात का प्रमाण हैं कि अब माओवादी आतंक अब इतिहास के कूड़ेदान में चला गया है। पूर्ववर्ती सरकारों की लचर नीतियों के कारण आदिवासियों और आम जनता को केवल भय और हिंसा मिली। चंद्राकर ने प्रदेश की साय सरकार की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में राज्य पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों के बीच अभूतपूर्व समन्वय देखने को मिला। सरकार ने न केवल मोर्चे पर लड़ाई लड़ी है, बल्कि अंदरूनी इलाकों में 'नियद नेल्लानार' जैसी योजनाओं के जरिए विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया है। जहाँ कभी बारूद की गंध होती थी, वहाँ आज सड़कें, स्कूल, अस्पताल और बिजली पहुँच रही है।

# उपासना ने ऑल इंडिया नौ-सैनिक कैंप में जीता कांस्य पदक

**लोनावाला में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में एमपी-सीजी निदेशालय बना ओवरऑल चैंपियन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

गरियाबंद जिले के छोटे से गांव भेंडरी लोहरसी की होनहार बेटी एवं एनसीसी कैडेट कैडेट कैप्टन उपासना साहू ने महाराष्ट्र के आईएनएस शिवाजी, लोनावाला में आयोजित प्रतिष्ठित ऑल इंडिया नौ सैनिक कैंप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिविर में देशभर के 17 एनसीसी निदेशालयों के 600 से अधिक चयनित कैडेटों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय ने सभी निदेशालयों को पीछे छोड़ते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

कैंप के दौरान बोट पुलिंग, शिप मॉडलिंग, फायरिंग, सीमैनशिप सहित कई नौसैनिक गतिविधियों एवं प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में कैडेटों ने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाया। इस उपलब्धि के पीछे एनसीसी अधिकारियों, पीआई स्टाफ, एएनओ तथा प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और कैडेटों की कठिन मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जिले में हर्ष का माहौल

गरियाबंद की बेटी कैडेट कैप्टन उपासना साहू की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। उपासना ने राष्ट्रीय मंच पर ब्रॉन्ज मेडल जीतकर यह साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं भी अवसर मिलने पर देशभर में अपनी अलग पहचान बना सकती हैं। उपासना साहू के पिता टिकेश्वर साहू एवं माता मालती साहू ने बेटी की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी मेहनत, लगन और अनुशासन का यह परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे परिवार, गांव भेंडरी (लोहरसी) तथा गरियाबंद जिले में हर्ष का माहौल है।






**इन्होंने दी बधाई :** बधाई देने वालों में इंद्रजीत महाडिक, आनंद साहू पेमन साहू, उरेन्द्र साहू, संजू साहू, मनीष साहू, जनक साहू, खेमू साहू, टीकम चंद साहू, धनजय साहू, प्रियेश गोस्वामी, भुनेश्वर साहू, तोरण साहू, घनश्याम साहू, मंशा, हर्षवर्धन साहू, रोशन साहू, घनश्याम पटेल, खेमचंद साहू, मनोज कश्यप, योगेश साहू, देविचंद साहू, हीराधर साहू, धर्मेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों व आसपास के लोग शामिल हैं।

**स्कूल के आसपास, साप्ताहिक बाजार और अटल चौक भी कचरों के ढेर में**

# कचरा गंदगी और बदबू से नगरवासी परेशान संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में जगह–जगह कचरों का ढेर और गंदगी से नगरवासी परेशान हो गए हैं। ग्राम पंचायत मैनपुर द्वारा साफ सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में नगर में साफ सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। स्थानीय ग्राम पंचायत के सचिव एवं जनपद के जिम्मेदारों द्वारा साफ सफाई व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिसके कारण नगर में मच्छरों की संख्या बढ़ गई है और बारिश के इन दिनों में संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा बढ़ गया है। नगर के लोगों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मांग की है कि मैनपुर नगर में साफ सफाई व्यवस्था पर ग्राम पंचायत के सचिव को निर्देशित किया जाए। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा गांव और शहरों को स्वच्छ तथा साफ सुथरा बनाने लाखों करोड़ो रूपये पानी तरह बहाया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका कितना लाभ मिल रहा है। मॉनीटरिंग करने वाला कोई नहीं है जिसके कारण स्वच्छ भारत मिशन अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। ग्राम पंचायत मैनपुर में कचरा उठाने के लिए लाखो रूपये खर्च कर इलेक्ट्रांनिक टैम्पो एवं सायकल रिक्शा की खरीदी किया गया है, लेकिन वह कबाड़ में तब्दील हो रहा है और तो और कचरा गाड़ी में पिछले एक साल से कबाड़ में तब्दील हो रहा है। मैनपुर में कचरा उठाने वाला टैम्पो, रिक्शा कांजी हाउस के कचरे के ढेर में पड़े पड़े सड़ रहा है इसके चक्के तक गायब हो गये हैं और इस रिक्शा का उपयोग कचरा फेंकने के लिए अबतक नहीं किया गया है।

### व्यवसायिक काम्प्लेक्स स्कूल के सामने कचरों का ढेर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में पिछले कई माह से साफ सफाई नही होने के कारण कांजी हाउस प्राथमिक शाला के आसपास जनपद के सामने कृषि कार्यालय गली में सप्ताहिक बाजार अटल व्यवसायिक बाजार शिक्षक कालोनी,तालाब किनारे और चौक चौराहों में कचरों का ढेर लगा हुआ है, जिसके कारण इन कचरो से उठने वाले बदबू से आने



जाने वाले लोग परेशान है प्राथमिक शाला में छोटे–छोटे बच्चे पढ़ाई करते हैं कांजी हाउस में कचरो और गंदगी का देर उठने वाले दुर्गंध से स्कूल व आसपास संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा है।

### अटल चौक एवं पत्रकार कार्यालय के आसपास गंदगी

मैनपुर नगर में गंदगी और कचरे का आलम यहां है कि अटल चौक में भी लोग कचरा फेंक रहे हैं लेकिन इसके साफ–सफाई की तरफ ग्राम पंचायत द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के याद में बनाए गए अटल चौक में कचरो का ढेर लगा हुआ है और तो और मैनपुर तहसील पत्रकार कार्यालय के सामने और गंदगी का ढेर लगा हुआ है जिसे पत्रकारों द्वारा कई बार साफ सफाई करवाया जा चुका है लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने के कारण अब संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है सप्ताहिक बाजार में लगातार अतिक्रमण के कारण नेशनल हाईवे सड़क किनारे साप्ताहिक बाजार लग रहा है और साप्ताहिक बाजार के दिन दुकानदारों द्वारा कचरा फेंक कर चले जाते हैं। जनपद पंचातय मैनपुर के सीईओ जी के गजभी ने कहा मैनपुर नगर में जल्द साफ सफाई कार्य प्रारंभ करने ग्राम पंचायत को निर्देश दिया गया है।

# नवोदय में एक और एकलव्य आवासीय विद्यालयों में तीन विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



■ डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, देहारगुड़ा के चार विद्यार्थियों ने बढ़ाया मैनपुर क्षेत्र का मान

मुख्यालय से लगभग चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, देहारगुड़ा ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज कर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान को और मजबूत किया है। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित आ वा सी य विद्यालयों की प्र वे श परीक्षाओं में स फ ल ता हासिल कर यह साबित कर दिया है कि निरंतर परिश्रम, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और उचित मार्गदर्शन से बड़ी उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। विद्यालय के मेधावी छात्र अनव कुमार देवांगन का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय, पांडुका में हुआ है। वहीं अमित कुमार ठाकुर एवं आकाश कुमार ठाकुर का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पीपरछेड़ी तथा डेविड कुमार ठाकुर का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा में हुआ है।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, देहारगुड़ा वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए जाना जाता है। विद्यालय के विद्यार्थी लगातार नवोदय, एकलव्य एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर रहे हैं। इस वर्ष मिली यह सफलता विद्यालय की निरंतर प्रगति और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय नागेश ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि सहायक क्षेत्रीय अधिकारी शैलेश कुमार के सतत मार्गदर्शन एवं विद्यालय प्रबंधक चेतना शुक्ला के नेतृत्व में विद्यालय लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके मार्गदर्शन से विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। विद्यार्थियों की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और एक बार फिर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, देहारगुड़ा ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर का परिचय दिया है।

# सेंट जॉन्स इंग्लिश स्कूल में काव्य सचदेव बने हेड बॉय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ छात्रों ने चुने अपने प्रतिनिधि

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा में गतदीवस छात्र परिषद (स्टूडेंट काउंसिल) का चुनाव हुआ। इस वर्ष भी विभिन्न पदों में बच्चे बढ़चढ़कर हिस्सा लिए ।मतदान के बाद मतगणना की गई, जिसमें विभिन्न पदों के लिए विजयी छात्र-छात्राओं की घोषणा की गई।

चुनाव में हेड बॉय पद पर काव्य सचदेव, हेड गर्ल पद पर झांसी साहू, डेप्युटी हेड बॉय पद पर प्रज्ञान सिन्हा तथा डेप्युटी हेड गर्ल पद पर तुष्टि देवांगन निर्वाचित हुए। वहीं कल्चरल कप्तान के रूप में काव्य देवांगन एवं स्पोर्ट्स कप्तान के रूप में चेतन्या साहू ने जीत दर्ज की।इसी प्रकार निर्धारित सभी कक्षा में कक्षा के कप्तान भी निर्वाचन किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती बिंदु जॉर्ज जेकब एवं शिक्षकों ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे विद्यालय की गरिमा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने चुनाव में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की लोकतांत्रिक भावना, अनुशासन और उत्साह की भी सराहना की।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम एवं चुनाव प्रक्रिया में मुख्य रूप से विद्यालय के निर्देशक जॉर्ज जेकब,प्रबंधक आशीष जेकब,शैक्षणिक निर्देशक सुमंत आचार्य एवं प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जेकब शिक्षक, पालक की देखरेख में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए नव-निर्वाचित छात्र परिषद को शुभकामनाएं दीं।

# नगर पंचायत में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

**छुरा।** नगर पंचायत छुरा द्वारा वार्ड क्रमांक 04 स्थित सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल के पास सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत के अधिकारियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सीसी रोड के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से भी राहत



मिलेगी। नगर पंचायत द्वारा वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और इसी कड़ी में इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, सभापति चित्रेखा ध्रुव, बलराज पटेल,पार्षद सलीम मेमन, यामीन(ट्रांसजेंडर), दीप्ति यादव, राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, एल्डरमैन तुलाराम साहू, भवानी शंकर सेन,आसकरण टंडन, संतोष ध्रुव, वेदिका वासनिक, निखिल साहू, पीयूष सिन्हा, नारायण पटेल,मयंक सोनी,समाजसेवी शीतल ध्रुव एवं नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। वार्डवासियों ने इस विकास कार्य के लिए नगर पंचायत के प्रति आभार व्यक्त किया।

### दुकानदार ने की ग्राहक से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सलडीह में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में सांकरा थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि सूरत बुढ़ेक पिता विक्रम बुढ़ेक (47 साल) सलडीह थाना सांकरा 14 जुलाई की शाम करीबन 05 बजे जब बाजार में चिकन खरीदने उपेंद्र साव के मुर्गा दुकान गया था। इसी दौरान अच्छा चिकन देने की बात पर हुए विवाद में आरोपी उपेंद्र ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का व हाथ में रखे डंडे से सूरत बुढ़ेक के साथ मारपीट कर दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# बीच रोड में बदमाशों ने चाकू की नोक पर की लूट

**नवापारा-राजिम।** राजधानी रायपुर से देर रात लौटने वाले दुपहिया सवारों को एक बार फिर सावधान होना पड़ेगा क्योंकि अभनपुर और नवापारा के बीच फिर कुछ गुंडे लुटेरों की गैंग सक्रिय हो गया है। ये गैंग देर रात 12-1 बजे रास्ते में आने वाले किसी भी दुपहिया सवार को चाकू की नोक पर गाड़ी रूकवाते हैं और पैसे लूटकर मोबाईल छीनकर फरार हो जाते हैं। हीला हवाला करने पर चाकू से वार भी करते है लिहाजा देर रात लौटने वाले सतर्क हो जाए। बता दें कि ये गुंडे उसी जगह पे गाड़ी को अटैक करते हैं जो गातापार गांव के नहर के पास सूनसान ईलाका पड़ता है। यहां किसी को चिल्लाओगे बचाने के लिए आवाज लगाओगे तो कोई सुनने वाला नहीं है। पिछले 10-15 साल पहले इसी स्थान पर नवापारा के रमेश वैष्णव,नुरूल रिजवी से लेकर कई दर्जन लोग समय-समय पर लुटेरो के शिकार हुए थे, लेकिन बीच में ऐसी गुंडागर्दी पूरी तरह बंद हो गई थी। अभी इसी महीने के 6 जुलाई की रात करीब सवा नौ बजे के पहले पांडुका के कुरूद निवासी नारायण साहू व गोपीचंद साहू रायपुर से लौट रहे थे। इन्हें गुंडे बदमाशों ने रोका तथा 35 हजार 500 तथा दो मोबाइल लूटकर अपने काले रंग के एक्टिवा से फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ितों ने बताया कि कुछ ही दूरी पर एक अन्य मोटरसाइकिल में दो अन्य युवक भी खड़े थे, जिनके भी गिरोह में शामिल होने की आशंका है। सभी आरोपियों की उम्र लगभग 19 से 20 वर्ष बताई गई है। पीड़ितों ने 6 जुलाई की घटना की रिपोर्ट अभनपुर थाने में 11 जुलाई को लिखाया है। अभनपुर पुलिस आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। मालूम हो कि देर रात राजधानी से काम कर लौटने वालो के मन में इस घटना के बाद से दहशत फै ल गया है।

**शिक्षा, संस्कार और अनुशासन का दिखा अनूठा संगम**

# आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मना प्रवेशोत्सव

**छुरा।** पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेश मनाया गया। उत्सव के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद थीं। अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल समीम खान रिजवी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति भोलेशंकर जायसवाल, बलराज पटेल, चित्ररेखा ध्रुव, रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव, पार्षद हरीश यादव, यामीन खान, दीप्ति यादव, सलीम मेमन, पूर्व पार्षद थानसिंग निषाद, एल्डरमैन तुलाराम साहू, धर्मेंद्र चंद्राकर उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में शिक्षाविद् के.आर. सिन्हा, एस.आर. निषाद, उखराज ध्रुवा, बी.एल. तारक, उपाध्यक्ष सत्यभामा राठौर, नगर के गणमान्य नागरिक नारायण पटेल, निखिल साहू, पालक सदस्य कुलेश्वर मरकाम, सपना कंसारी, लीना गोस्वामी, शीलू कौशिक, शीतल उपस्थित थे। सर्वप्रथम शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा



विद्यालय की उपलब्धियों को पटल पर रखा गया। उन्होंने बताया कि हमारा विद्यालय सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान, योग, स्काउटिंग, इको क्लब, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, चित्रकारी आदि गतिविधियों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिनके कारण विद्यालय में छुरा के अलावा जिले के पांचों विकासखंड और बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी, रायपुर जिला के दूर-दराज से आए बच्चे भी अध्ययन करते हैं। विद्यालय के अनुशासन, संस्कार और उच्च शैक्षणिक गतिविधियों के कारण दर्ज संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हमारा स्कूल उच्च प्राथमिक स्तर का सर्वाधिक दर्ज संख्या वाला विद्यालय है। मुख्य अतिथि के आसंदी से लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ है। शिक्षा, जीवन का सर्वश्रेष्ठ निवेश है जो हमें हर कठिनाई से लड़ने की शक्ति देता है। एक अनुशासित विद्यार्थी राष्ट्र उत्थान में अग्रणी पंक्ति पर खड़ा होता है। सभापति भोलेशंकर जायसवाल ने कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिससे आप दुनिया बदल सकते हैं। हरीश यादव ने कहा कि आप शिक्षा को समय दो, शिक्षा आपका समय बदल देगा। तुलाराम साहू ने कहा कि शिक्षा, केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है जो सही और गलत का भेद सिखाती है। यामीन खान ने कहा कि मैं इसी विद्यालय से पढ़ा हूं और आज जिस मुकाम पर खड़ा हूं उसका संपूर्ण श्रेय अपने शिक्षकों को देता हूं। संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने कहा कि एक छात्र की सबसे महत्वपूर्ण गुण है कि वह हमेशा अपने शिक्षक से प्रश्न पूछे। आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक जोहरा फातिमा कुरैशी ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411